दिनांक 01.05.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के महापौर श्री देवेन्द्र यादव के निर्देशानुसार महापौर परिषद की बैठक निगम मुख्य कार्यालय स्थित महापौर कक्ष में 03 मई 2018 दिन गुरुवार को अपरान्ह 04 बजे आयोजित की गई है।

महापौर परिषद की बैठक में 11 बिन्दु पर एजेण्डा तैयार किया गया है जिस पर चर्चा कर निर्णय लिया जाना है। 1. नगर पालिक निगम के सम्पत्ति की सुरक्षा व्यवस्था हेतु वित्तीय वर्ष 2018–2019 दिनांक 01.04.2018 से 31 मार्च 2019 तक की अवधि के लिए 01 सिनियर गार्ड (सहायक सुरक्षा अधिकारी) एवं 109 सुरक्षा गार्डों (88 सुरक्षा गार्ड व 21 रिलिवर) की व्यवस्था के लिए सिक्यूरिटी संस्थाओं से निविदा आमंत्रित किये जाने के संबंध में। 2. रामनगर मुक्तिधाम में शव वाहन एवं काफिल फ्रिजर रखने हेतु कमरा/शेड निर्माण करने बाबत्। 3. जूनवानी तालाब को मछली पालन हेतु शासन के नियमानुसार पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति को लीज पर आबंटन करने बाबत्। 4. नेहरु नगर में कब्रिस्तान के पीछे पंडित दीनदयाल मांगलिक भवन निर्माण कार्य। 5. वार्ड 52 सेक्टर 04 के विभिन्न स्थानों में नाली निर्माण कार्य। 6. वार्ड 61 विद्युत मंडल ऑफिस से रविन्द्र भगत के घर तक नाला विकास कार्य। 7. वार्ड 61 प्रगति नगर मैत्री कुंज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सर्व समाज मांगलिक भवन योजना अंतर्गत भवन निर्माण कार्य। 8. वार्ड 38 पं. दीनदयाल पूरम आवासीय योजना का डामरीकरण कार्य। 9. वार्ड 32 में मिलन चौक, गुरुनानक चौक, पंजाबी मोहल्ला, जागीर चौक, एवं बंगाली मोहल्ला, गणेश बेकरी, इंदिरा चौक, के मार्गों का डामरीकरण कार्य। 10. महामाया फ्यूल्स द्वारा निगम के वाहनों में वांछित स्थल पर ईंधन प्रदाय के संबंध में। 11. वार्ड 06 आकाश गंगा व्यवसायिक परिसर में डामरीकरण कार्य, इन एजेण्डाओं पर महापौर परिषद की बैठक में चर्चा की जावेगी।

जन सम्पर्क अधिकारी